बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

02 मार्च, 2021

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

Total Short Notice Question- 4

स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था

*51 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के लगभग 18 जिलों के पानी से आर्सेनिक तथा 11 जिलों में फ्लोराइड की मात्रा की अधिकता लोगों के लिए खतरनाक है;

(ख) क्या यह सही है कि पानी में आर्सेनिक तथा फ्लोराइड की मात्रा की अधिकता इंसान के लिए हानिकारक होती है;

(ग) क्या यह सही है कि आर्सेनिक, फ्लोराइड युक्त विषाक्त पानी पीने से मनुष्य कई प्रकार के रोगों यथा मानसिक रोग, अस्थमा, डायबिटीज, एनीमिया तथा कैंसर रोग से ग्रसित हो सकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बताएगी कि इन जिलों के (आर्सेनिक फ्लोराइड प्रभावित) लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की उसकी क्या योजना है और नहीं तो क्यों?

शौचालय का निर्माण

*52 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार द्वारा शौचालय बनाने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण क्षेत्र के हाट, बाजार, बस स्टैंड एवं शहरी क्षेत्र के कई स्थानों पर शौचालय की व्यवस्था बहुत ही कम है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में शौचालय नहीं रहने के कारण महिला सहित आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ग्रामीण क्षेत्र के हाट, बाजार, बस स्टैंड में महिला सहित आम नागरिकों की कठिनाई को देखते हुए शौचालय बनाने का सरकार विचार रखती है?

चिकित्सक की नियुक्ति

*53 **श्री राजन कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद के सदर अस्पताल एवं पी.एच.सी. के ओ.पी.डी. में चिकित्सक की कमी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जिला के सदर अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला गायनी चिकित्सक एक ही है, जिससे प्रसव तथा अन्य महिलाओं को अंदरूनी जांच के लिए निजी क्लिनिक में इलाज कराना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जिला के सदर अस्पताल एवं पी.एच.सी. के ओ.पी.डी. में अतिरिक्त महिला गायनी चिकित्सक की नियुक्ति के साथ-साथ सुगम ओ.पी.डी. चलाने हेतु चिकित्सक की नियुक्ति करना चाहती है, यदी हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

व्यवस्था सुदृढ़ कब तक

*54 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि प. चम्पारण, बगहा अनुमंडल अस्पताल का बहुत बड़ा क्षेत्र है जिसमें बेड की संख्या कम है;

(ख) क्या यह सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पतिलार में करोड़ों रुपये का अस्पताल का भवन बनकर तैयार है परंतु आज तक उद्‌घाटन नहीं हो सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पश्चिमी चम्पारण जिला के बगहा में दोनों अस्पतालों की व्यवस्था सुदृढ़ करते हुए महिला एवं पुरुष चिकित्सक की नियुक्ति शीघ्र करवाना चाहेगी, यदि हां तो कब-तक?